Std-2 ( Hindi Lit.)

मेरा गाँव

शब्दार्थ

मज़ा- आंनद

घुमावदार- टेढ़े-मेढ़े

पगडंडी- छोटा कच्चा रास्ता

परिचित- जान पहचान

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:-

1. विवेक और भव्या कहाँ रहते हैं?

उत्तर:- विवेक और भव्या विदेश में रहते हैं।

2. रेलगाड़ी पर चढ़कर बच्चों को कैसा लगा?

उत्तर:- रेलगाड़ी पर चढ़कर बच्चों को बहुत मज़ा आया।

3. गाँव के बच्चों ने तैरना कहाँ सीखा?

उत्तर:- गाँव के बच्चों ने नदी में तैरना सीखा।

4. दादा जी बच्चों को बैलगाड़ी से क्यों ले गए?

उत्तर:- दादा जी बच्चों को बैलगाड़ी से यात्रा करवाना चाहते थे, इसलिए वे उन्हें बैलगाड़ी में ले गए।

5. खेतों में क्या-क्या लगा था?

उत्तर:- खेतों में गेहूँ व सरसों की फ़सल तथा कई तरह की सब्ज़ियाँ लगी थीं।

6. बच्चों को गाँव क्यों अच्छा लगा?

उत्तर:- गाँव में चारों तरफ हरे-भरे पेड़-पौधे, फ़सल आदि लगे थे तथा गाँव का वातावरण शांत और स्वच्छ था, इसलिए बच्चों को गाँव अच्छा लगा।

★ इन शब्दों से वाक्य बनाइए-

किसान - किसान खेतों में बीज बो रहा है ।

बैलगाड़ी - गाँव में अक्सर बैलगाड़ी देखने को मिलती है।

फ़सल - खेतों में गेहूँ और सरसों की फ़सल लगी हैं।

नदी - बच्चे नदी में तैर रहे हैं।

वातावरण - गाँव का वातावरण शांत और स्वच्छ होता है।